# नाचने वाले भजन लिरिक्स

नाचने वाले भजन लिरिक्स

जय श्री कृष्णा मित्रों !कभी कभी भजन संध्या या कीर्तन के समय ऐसा माहौल बन जाता है श्रोतागण आपके भजनों पर बस झूमना चाहते है। तब आपको कुछ एक के बाद एक ऐसे ही भजन प्रस्तुत करने होते है जिससे श्रोताओं के पैर अपने आप थिरकने लगे। किन्तु लाइव प्रोग्राम में कभी कभी ऐसे भजन हमें समय पर याद नहीं आते है, खासकर मुझे। तो इसी समस्या के समाधान के लिए इस पोस्ट में मैं लेकर आया हूँ कुछ ऐसे ही नाचने वाले भजन लिरिक्स। मैंने पूर्ण प्रयास किया है की भजन का क्रम पहले वाले भजन की रिदम के अनुरूप ही रहे। आइये देखते है –

नाचने वाले भजन लिरिक्स –

## (मीडियम रिदम + धमाल पैटर्न)

एकली खड़ी रे मीरा बाई,
एकली खड़ी,
मोहन आओ तो सही,
गिरधर आओ तो सही,
माधव रा मंदिर में,
मीरा बाई एकली खड़ी।

बांस की बांसुरिया पे,
घणो इतरावे,
कोई सोना की जो होती,
हिरा मोत्या की जो होती,
जाने काई करतो, काई करतो,
बांस की बांसुरिया पे,
घणो इतरावे।

घुंघटीयो आड़े आ ग्यो जी,
थाने देख कोनी पाई बाबा श्याम,
घुंघटीयो आड़े आ ग्यो जी।

मेहंदी राचण लागि हाथां में,
सांवरिया रे नाम री,
आई शुभ घड़ी देखो,
म्हारे आँगन आज जी।

राधिका गोरी से बिरज की छोरी से,
मैया करा दे मेरो ब्याह,
अरे ओ सुनले ओ माँ मेरी,
राधिका गोरी से बिरज की छोरी से,
मैया करा दे मेरो ब्याह।

सांवरियो है सेठ,
म्हारी राधा जी सेठानी है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ये तो जाने दुनिया सारी है,
सांवरियो है सेठ।

दुनिया से मैं हारा,
तो आया तेरे द्वार,
यहाँ पे भी जो हारा,
कहाँ जाऊँगा सरकार।

जुलम कर डारयो,
सितम कर डारयो,
कारे ने कर दियो लाल,
जुलम कर डारयो।

थासु विनती करा हाँ बारम्बार,
सुनो जी सरकार,
खाटू का राजा मेहर करो।

दीनानाथ मेरी बात,
छानी कोनी तेरे से,
आँखड़ली चुराकर बाबा,
जासी कठे मेरे से।

चाकर राख ले सांवरिया,
तेरो बहुत बड़ो दरबार,
चाकर राख ले सांवरिया।bd।

तुम झोली भरलो रे भक्तो,
रंग और गुलाल से,
तुम झोली भरलो रे भक्तो,
रंग और गुलाल से,
होरी खेलेंगे आपा गिरधर गोपाल से।

मीठे रस से भरियो री,
राधा रानी लागे,
मने खारो खारो,
यमुनाजी को पानी लागे।

मेरे बांके बिहारी लाल,
तू इतना ना करियो श्रृंगार,
नज़र तोहे लग जाएगी।

मनिहारी का भेष बनाया,
श्याम चूड़ी बेचने आया।

मेरा आपकी कृपा से,
सब काम हो रहा है,
करते हो तुम कन्हैया,
मेरा नाम हो रहा है।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तुम हमारे थे प्रभु जी,
तुम हमारे हो तुम हमारे ही रहोगे,
ओ मेरे प्रियतम।

काबिल नहीं हूँ तेरे,
फिर भी रिझा रहा हूँ,
शायद तू मान जाए,
शायद तू मान जाए,
सर को झुका रहा हूँ।

वृन्दावन के ओ बांके बिहारी,
हमसे परदा करो ना मुरारी।

---

---

## ( मीडियम फास्ट रीदम )

काली कमली वाला मेरा यार है,
मेरे मन का मोहन तू दिलदार है,
तू मेरा यार है मेरा दिलदार है,
काली कमली वाला।

सपने में रात में आया मुरली वाला री,
मेरे दिल में बस गयो श्याम,
जपूँ मैं माला री।

नैनन में श्याम समाय ग्यो,
नैनन में श्याम समाय ग्यो,
मोहे प्रेम को रोग लगाय ग्यो।

कान्हा की दीवानी बन जाउंगी,
दीवानी बन जाउंगी,
मस्तानी बन जाउंगी,
कान्हा की दीवानी बन जाउंगी।

आपके श्री चरणों में,
उमर कट जाए ये सारी,
जिधर भी देखूँ दीखे,
युगल छवि श्याम तिहारी,
आपके श्री चरणों में,
उमर कट जाए ये सारी।

---

---

## ( फ़ास्ट रीदम )

सांवरी सूरत पे मोहन,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दिल दीवाना हो गया,
दिल दीवाना हो गया मेरा,
दिल दीवाना हो गया।

ऐसो चटक मटक सो ठाकुर,
तीनों लोकन हूँ में नाय।

श्याम से लौ लगाकर देख,
वो तेरा साथ चल देगा,
तेरी आंखो का हर आंसू,
सांवरा मोती कर देगा।

मेरी लगी श्याम संग प्रीत,
ये दुनिया क्या जाने।

वृन्दावन जाउंगी सखी,
वृन्दावन जाउंगी,
मेरे उठे विरह की पीर सखी,
वृन्दावन जाउंगी।

मुकुट सिरमौर का,
मेरे चितचोर का,
दो नैना सरकार के,
कटीले है कटार से।

दिल में तू श्याम नाम की,
जरा ज्योति जला के देख,
आएगा मेरा सांवरा,
दिल से बुला के देख।

दीवाना बना दिया,
हमें मस्ताना बना दिया,
बनवारी तेरी यारी ने,
दीवाना बना दिया।

किशोरी कुछ ऐसा,
इंतजाम हो जाए,
जुबां पे राधा राधा राधा,
नाम हो जाए।

ऐसी मस्ती कहाँ मिलेगी,
श्याम नाम रस पी ले,
तू मस्ती में जी ले,
साँचा है दरबार श्याम का,
श्याम प्रभु है रसीले,
तू मस्ती में जी ले,
तू मस्ती में जी ले।

लूट रहा, लूट रहा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

लूट रहा रे,
श्याम का खजाना लूट रहा रे,
लूट रहा लूट रहा,
लूट रहा रे,
बाबा का खजाना लूट रहा रे।

सांवरिया तुमको,
किसने सजाया है,
तुझे सुन्दर से सुन्दर,
गजरा पहनाया है,
कितना प्यारा हैं सिंगार,
की तेरी लेउ नज़र उतार,
कितना प्यारा है।

तेरी मोरछड़ी के आगे,
तेरी मोरछड़ी के आगे,
झुक गए बड़े बड़े सरदार,
तेरी मोर छड़ी के आगे।

अच्चुतम केशवम कृष्ण दामोदरम,
राम नारायणं जानकी बल्लभम।
कौन कहता है भगवान नाचते नहीं,
गोपियों की तरह तुम नचाते नहीं।

रामा रामा रटते रटते,
बीती रे उमरिया,
रघुकुल नंदन कब आओगे,
शबरी की डगरिया,
रामा रामा रटते रटते,
बीती रे उमरिया।

छाप तिलक सब छीनी रे,
मोसे नैना मिलईके,
बलि बलि जाऊँ मैं,
तोरे रंग रजवा,
तोरे रंग रजवा,
तोरे रंग रजवा,
अपने ही रंग रंग लिनी रे,
मोसे नैना मिलईके।

लगन तुमसे लगा बैठे,
जो होगा देखा जाएगा।

गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो,
राधा रमण हरि गोपाल बोलो।

भजमन नारायण नारायण नारायण,
लक्ष्मी नारायण नारायण नारायण।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी,
हे नाथ नारायण वासुदेवा,
श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी,
हे नाथ नारायण वासुदेवा।

---

---

इसके अलावा भी अनेक नाचने वाले भजन लिरिक्स, भजन डायरी की वेबसाइट और भजन डायरी एप्प पर उपलब्ध है जिन्हे आप देख सकते है। मुझे विश्वास है आपको ये पोस्ट पसंद आई होगी। कृपया इस पोस्ट को अन्य भजन प्रेमियों तक शेयर जरूर करे। इस पोस्ट में हम समय समय पर और भी भजन ऐड करते रहेंगे, ताकि आप जैसे भजन प्रेमियों को सहायता मिल सके। अगर आप इस पोस्ट को एप्प में पढ़ रहे है, तो इसे 'पसंदीदा फोल्डर' में अवश्य जोड़ ले।

अगर इस संकलन में कोई भजन छूट गया हो तो कृपया कमेंट में या हमें ईमेल कर सूचित करे।
हार्दिक धन्यवाद। जय श्री राधे कृष्णा।

भजन डायरी से आपका मित्र –
शेखर मौर्य।